web : www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यासाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN16931 ‖ email :- nyaysakshi@gmail.com ‖ रायगढ़, मंगलवार 6 नवम्बर 2018 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-42

## महत्वपूर्ण एवं खास

### तेलंगाना में टीआरएस नेता की पत्थरों से पीट-पीटकर हत्या

**हैदराबाद ,(आरएनएस)।** तेलंगाना में राजनीतिक संघर्ष में टीआरएस नेता नारायण रेड्डी की कथित तौर पर पत्थरों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना विकराबाद जिले के सुल्तानपुर गांव की है। टीआरएस नेता का शव मंगलवार सुबह बरामद हुआ। खबर मिलते ही रेड्डी के समर्थक उग्र हो गए और उन्होंने कांग्रेस पार्टी के दो कार्यकर्ताओं की जमकर पिटाई कर दी। दोनों कार्यकर्ताओं की हालत गंभीर है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

स्थानीय रिपोर्टों में बताया जा रहा है कि रविवार को नारायण ग्रुप और उनके प्रतिद्वंद्वी समूह के बीच विवाद हो गया था। इसके बाद संघर्ष में क्षेत्रीय राजनीतिक पार्टी तेलंगाना राष्ट्र समिति के नेता की हत्या कर दी गई। अभी केस भी रजिस्टर नहीं किया गया है। गांव में तनाव बढ़ता जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है।

### वाहन चेकिंग के दौरान ट्रक से जब्त किये 10 लाख रुपए, पुलिस जांच में जुटी

**जशपुर,(आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के पत्थलगांव में चुनावी आचार संहिता में बरती जा रही सख्ती के चलते बेनामी कैश मिलने का सिलसिला जारी है। पत्थलगांव पुलिस ने बीती रात चेकिंग के दौरान एक ट्रक से 10 लाख रुपए बरामद किए। पुलिस को रुपए को लेकर मुखबिर से सूचना मिली थी।

जानकारी के मुताबिक पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ट्रक नंबर छत्त-13 वाय 7336 में संदिग्ध रूप से 10 लाख रुपए रखे गए हैं। ये ट्रक कोयला लेकर अंबिकापुर से तमनार की ओर जा रहा है। इस पर पुलिस ताबड़तोड़ एक्शन में आई और बीटीआई चौक पर ट्रक को पकड़ लिया। ट्रक की तलाशी ली गई तो उसके केबिन की रेक में एक गत्ते के डिब्बे में छिपाकर रखे गए 10 लाख रुपए मिले। इस बारे में पूछे जाने पर ट्रक चालक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। पुलिस की सूचना पर स्थैतिक निगरानी दल भी मौके पर पहुंचा और आगे की कार्रवाई की गई। फिलहाल पुलिस ने बरामद रुपए निगरानी दल को सौंपकर ट्रक जब्त कर लिया है और चालक को भी हिरासत में लिया है।

### अगवा एक ग्रामीण की नक्सलियों ने की हत्या

**विधानसभा चुनाव के विरोध में फेंके पर्चे**

**बीजापुर, (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में दो दिनों पूर्व नक्सलियों ने गंगालूर थाना क्षेत्र से दो ग्रामीणों का अपहरण किया था ,जिनमे से एक ग्रामीण की हत्या कर शव को सड़क पर फेंक दिया है, वही भोपालपटनम क्षेत्र में चुनाव के विरोध में भारी मात्रा में पर्चे फेंका है । जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के बन्देपारा से दो ग्रामीणों का नक्सलियों ने अपहरण कर लिया था, जिनमे से एक ग्रामीण आयतू हेमला पर मुखबिरी का आरोप लगा कर शव को गांव के नजदीक फेंक दिया वही दूसरे ग्रामीण को रिहा कर दिया है ।

### जम्मू-कश्मीरः शोपियां में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 2 आतंकी मार गिराए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां की साफनगरी में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 2 आतंकी मार गिराए। इसी के साथ फिलहाल सर्च ऑपरेशन खत्म हो गया है। मारे गए आतंकियों की पहचान मोहम्मद इदरीस सुल्तान और आमिर हुसैन रैदर के रूप में हुई है। दोनों आतंकी संगठन हिज्बुल मुजाहिदीन से जुड़े गुए थे। आतंकियों के पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद जब्त किए गए हैं। इससे पहले शनिवार को भी शोपियां जिले में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 2 आतंकी मारे गए थे।

## भारत पहले किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन कोई छेड़े तो उसे वो छोड़ता भी नहीं : मोदी



**नई दिल्ली।** देश की पहली परमाणु पनडुब्बी आइएनएस अरिहंत ने सोमवार को अपना पहला गश्ती अभियान पूरा कर लिया। पीएम मोदी ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर इसे देश को धनतेरस का उपहार करार दिया है। उन्होंने आइएनएस अरिहंत को देश की रक्षा के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया।

पीएम मोदी ने अरिहंत का अर्थ बताते हुए कहा, अरिहंत का अर्थ है, दुश्मन को खत्म कर देना। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आइएनएस अरिहंत देश के सवा सौ करोड़ लोगों के लिए सुरक्षा की गारंटी जैसा है। यह हमारे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। यह भारत के दुश्मनों और शांति के दुश्मनों के लिए ओपन चैलेंज है कि अब वो कोई दुस्साहस दिखाने की कोशिश न करें। यह न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग को जवाब है।

पीएम मोदी ने पाकिस्तान और चीन पर बिना नाम लिए हमला बोलते हुए कहा, हमारे पड़ोसी देशों में परमाणु हथियारों की बढ़ोतरी के बीच देश में विश्वसनीय परमाणु क्षमता बहुत जरूरी है। अरिहंत के जरिए हम आने वाली चुनौतियों से निपटारा करने में सक्षम होंगे और दुश्मन को करारा जवाब दे सकेंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि आज हर एक भारतीय का सिर एक बार फिर गर्व से ऊंचा हो जाता है। अरिहंत से जुड़े दल को मैं इसके सफल परीक्षण के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं। देश की सुरक्षा के लिए आपने अपने अभियान को पूरा किया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि न्यूक्लियर ट्राइएंगल की स्थापना पर मुझे पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम और पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी बहुत याद आते हैं।

पीएम ने आगे कहा कि आने वाले दिनों में अरिहंत भारत के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। उन्होंने कहा, भारत पहले किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन कोई भारत को छेड़े तो उसे वो छोड़ता भी नहीं। हमारा प्रमाणु प्रसार आक्रमण का हिस्सा तो नहीं है, लेकिन यह देश के लिए सुरक्षा का उपकरण जरूर है। शांति, सुरक्षा और स्थिरता के लिए हमारी परमाणु क्षमता बहुत महत्व रखती है। अब तक भारत विश्व शांति के लिए सबसे आगे रहा है और आगे भी रहेगा। पूरा विश्व जानता है और उन्हें भरोसा भी है कि भारत एक जिम्मेदारी परमाणु हस्ती है।

भारत की इस उपलब्धि पर रक्षामंत्री निर्मला सीतारमण ने ट्वीट करते हुए बधाई दी, उन्होंने ट्विटर पर लिखा, आइएनएस अरिहंत की पहली गश्त अभियान पूरा करने के साथ ही भारत दुनिया के रणनीतिक देश जो कि परमाणु पंडुब्बियों का निर्माण और संचालन कर सकते हैं उनकी कतार में खड़ा कर दिया।

दैनिक न्याय साक्षी के समस्त पाठको को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं।

दैनिक न्याय साक्षी कार्यालय में दिवाली के अवसर पर 7 से 9 नवंबर को अवकाश रहने के कारण अगला अंक 10 नवंबर को प्रकाशित होगा।




## सबको चकमा देकर गायब हुए तेज प्रताप

**पटना(आरएनएस)।** बिहार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव का तलाक केस खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। खुद तेज प्रताप यादव ही इस मसले पर सुलह के मूड में नहीं है। बताया जा रहा है कि तेज प्रताप का पटना में इंतजार हो रहा था लेकिन फिलहाल वह गायब बताए जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तेज प्रताप सुरक्षाकर्मियों को चकमा देकर वृंदावन चले गए हैं। दरअसल, रांची में रविवार को अपने पिता लालू प्रसाद यादव से मिलकर पटना लौट रहे तेज प्रताप अचानक बुखार और जलन से पीड़ित होने की बात कहकर बोधगया में ही रुक गए थे। जब होटेल में उनके कमरे का दरवाजा खोला गया तो पता चला कि वह गायब हैं। उनके वृंदावन जाने की खबर सुरक्षाकर्मियों को भी नहीं थी।

## 51 हथियार सहित 62 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



नारायणपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के नक्सलियों के सबसे बड़े पनाहगाह समझे जाने वाले अबूझमाड़ के 62 नक्सलियों ने आज 51 हथियार समेत पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। चुनाव के पहले बस्तर में हो रही लगातार घटनाएं, चुनाव बहिष्कार और पर्चे की दहशत के बीच नक्सलियों के खिलाफ बस्तर पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है।

बस्तर आईजी विवेकानंद सिन्हा की मौजूदगी में इन माओवादियों ने अपने हथियार छोडने् की शपथ ली। इधर बस्तर आईजी ने नक्सलियों को मुख्यधारा में जुडने् की सराहना की, तो वहीं नक्सलियों ने भी बीहड़ों में गुजारे अपने पल पर पश्चाताप जताया। समर्पितों ने कहा कि वो उनकी जिंदगी का अनमोल पल था, जो उन्होंने जंगल में ही गुजार दिये। उन्होंने कहा कि अब सभी सामान्य जीवन जीना चाहते हैं।

सभी नक्सली माओवादियों के अलग-अलग कैडर में अलग-अलग पदों में काम कर रहे थे। इधर एसपी ने नक्सलियों को सरेंडर के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि अपने और भी साथियों को लेकर वो आत्मसमर्पण के लिए आयें। समर्पित नक्सलियों को दस-दस हजार की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गयी है।

हाल के दिनों में बस्तर में माओवादियों ने जमकर दहशतगर्दी फैलायी है। आईईडी विस्फोट कर जहां कई बड़ी वारदातों को अंजाम दिया, तो वहीं कई जगहों पर पर्चे फेंककर वोट बहिष्कार की खुली चेतावनी दी गयी थी। लिहाजा इन हरकतों के बीच जवानों को सरेंडर के रूप में मिली कामयाबी, बड़ी कामयाबी समझी जा रही है।

## 10 साल की जेल काटने के बाद आरोप से बरी हुई विदेशी महिला

**नई दिल्ली।** हेरोइन रखने की आरोपी एक महिला को 10 साल जेल काटने के बाद दिल्ली हाई कोर्ट ने बरी कर दिया। हाई कोर्ट के इस फैसले से न्याय व्यवस्था की सुस्त चाल पर फिर नजर जाती है। ऐनाबेले अनालिस्टा मलिबागो नाम की इस विदेशी महिला को ट्रायल कोर्ट से 10 साल की सजा सुनाई गई थी, जिसे चुनौती देते हुए उन्होंने 2014 में हाई कोर्ट में अपील की थी। अब हाई कोर्ट के फैसले से उन्हें जो राहत मिली है वह कोई मायने नहीं रखती, बस इतनी राहत है कि वह बरी हो गई हैं। इतने साल बाद बरी किए जाने के फैसले से न्याय व्यवस्था की धीमी चाल पर चिंता जरूर होती है।

## अयोध्या में राम मंदिर बनाने के पक्ष में रिजवी



**नई दिल्ली, (आरएनएस)।** नैशनल कमिशन फॉर माइनॉरिटी के प्रमुख गैयोरुल हसन रिजवी ने राम मंदिर बनाने के लिए अपना समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि दोनों समुदायों के बीच सांप्रदायिक टकराव की आशंका को देखते हुए राम मंदिर का निर्माण अयोध्या में करना ही सही रास्ता है। किसी भी तरह के टकराव से बचने के लिए यह एक सुविधाजनक रास्ता हो सकता है।

रिजवी ने कहा, टेंशन का माहौल लगातार बनता जा रहा। हिंदुओं और मुस्लिमों के बीच जिस तरह टकराव के हालात बन रहे हैं उसे देखकर हम चिंतित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कमिशन की 14 नवंबर को अहम बैठक होगी, जिसमें सुप्रीम कोर्ट में इस मुद्दे पर जल्दी सुनवाई के लिए अपील किए जाने पर विचार किया जाएगा।

नैशनल कमिशन फॉर माइनॉरिटी की अहम बैठक अगले सप्ताह होनेवाली है, जिसमें राम मंदिर को लेकर कमिशन के रुख को स्पष्ट किया जाएगा। सरकार से मिलकर राम मंदिर मुद्दे पर कमिशन के स्टैंड को स्पष्ट करने के लिए भी एक प्रस्ताव तैयार किया जा सकता है। रिजवी ने कहा, सरकार को सभी पक्षों के साथ बातचीत के जरिए या फिर कानून लाकर राम मंदिर निर्माण के लिए उचित कदम उठाना चाहिए। माहौल में बढ़ रहे तनाव को देखते हुए एक रास्ते को निकालकर उस पर आगे बढ़ना आवश्यक है।

रिजवी ने वीएचपी और आरएसएस के राम मंदिर निर्माण को लेकर बेकरारी पर कहा कि वह भी निजी तौर पर मंदिर बनाने के पक्ष में हैं। उन्होंने कहा, निजी तौर पर मेरा विचार है कि विवादित स्थल पर राम मंदिर का निर्माण होना चाहिए। भय और तनाव के इस माहौल में मुस्लिम अल्पसंख्यकों के सुरक्षित रहने के लिए मंदिर निर्माण ही वहां पर एक मात्र विकल्प है।

## राजधानी की आबोहवा ठीक करने के लिए कराई जाएगी आर्टिफिशल बारिश



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली की जहरीली हवा को साफ-सुथरा बनाने के लिए कृत्रिम बारिश कराई जा सकती है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) और इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (इसरो) के एयरक्राफ्ट की मदद से सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) और आईआईटी कानपुर के रिसर्चर्स क्लाउड सीडिंग की योजना बना रहे हैं। कृत्रिम बारिश से दिल्ली की एयर क्वॉलिटी में सुधार हो सकता है। इसके लिए क्लाउड सीडिंग की कोशिशें जल्द शुरू होंगी। माना जा रहा है कि 10 नवंबर के बाद इस पर काम शुरू हो सकता है।

**पलूशन से लड़ने के लिए पहली बार होगा प्रयोग**

ऐसा पहली बार है, जब देश में किसी शहर के प्रदूषण को कम करने के लिए कृत्रिम बारिश का सहारा लिया जा रहा है। सीपीसीबी के मेंबर सेक्रटरी प्रशांत गार्गवा ने कहा, 'एयर पलूशन कम करने का एक रास्ता कृत्रिम बारिश है। हम आईएमडी और आईआईटी कानपुर के साथ मिलकर इस विकल्प पर काम कर रहे हैं।'

**10 नवंबर के बाद कराई जा सकती है नकली बारिश**

इस मामले में आईआईटी कानपुर के प्रफेसर सच्चिदानंद त्रिपाठी ने कहा, 'हम अपनी तरफ से आर्टिफिशल रेन कराने के लिए तैयार हैं। हम इसके लिए सही परिस्थिति का इंतजार कर रहे हैं।' उन्होंने बताया कि मौसम विभाग कृत्रिम बारिश के लिए मौसम के हालात पर नजर रखे हुए हैं। त्रिपाठी ने बताया कि 10 नवंबर तक का मौसम इसके लिए ठीक नहीं है।

**सर्दियों में मुश्किल होती है कृत्रिम बारिश**

पलूशन कम करने के लिए दिल्ली में कितनी बार कृत्रिम बारिश कराई जाएगी? आईआईटी के प्रफेसर ने बताया कि यह पहली कोशिश के नतीजों और आने वाले दिनों में पलूशन के लेवल से तय होगा। वैसे कराना आसान नहीं है।

## कश्मीर में मुठभेड़, हिज्बुल मुजाहिदीन के दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर,(आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में हिज्बुल मुजाहिदीन के दो आतंकी ढेर हो गए। उनमें से एक आतंकी, पहले सेना में था जो बाद में आतंकी संगठन में शामिल हो गया था। पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के जैनापोरा के सफानगरी इलाके में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर सुरक्षा बलों ने मंगलवार को तड़के घेराबंदी की और तलाशी अभियान चलाया था। उन्होंने बताया कि जब तलाशी अभियान चल रहा था तब छिपे हुए आतंकियों ने बल पर गोलीबारी की। जवानों ने जवाबी गोलीबारी की जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई और दो आतंकी मारे गए। मारे गए आतंकियों की पहचान मोहम्मद इदरिस सुल्तान उर्फ छोटा अबरार और आमिर हुसैन राथर उर्फ अबु सोबान के रूप में की गई।

## वर्मा-अस्थाना के बीच अनबन का सामने आया बंगाल कनेक्शन

**कोलकाता ,(आरएनएस)।** देश की प्रमुख जांच एजेंसी सीबीआई के भीतर जारी विवाद का अब बंगाल कनेक्शन सामने आया है। दरअसल, स्पेशल डायरेक्टर राकेश अस्थाना ने 25,000 करोड़ रुपये के चिट फंड मामले की जांच में कथित तौर पर सहयोग न करने के लिए कोलकाता के पुलिस कमिश्नर पर दबाव बनाया था। इस पर डायरेक्टर आलोक वर्मा ने अस्थाना से सवाल-जवाब किया था। बताया जा रहा है कि दोनों बड़े अफसरों में अनबन की यह एक बड़ी वजह थी। आपको बता दें कि सरकार ने दोनों शीर्ष अफसरों को छुट्टी पर भेजकर महकमे में वरिष्ठता क्रम में नीचे के अफसर एम. नागेश्वर राव को अंतरिम डायरेक्टर की जिम्मेदारी दे दी है।

**तीन समन और राजनीति**

अस्थाना की निगरानी में हो रही जांच के तहत पिछले साल पुलिस कमिश्नर राजीव कुमार को तीन समन भेजे गए थे। हालांकि उनका कहना था कि सीबीआई का ऐक्शन राजनीति से प्रेरित है। आपको बता दें कि चिट फंड घोटाले में तृणमूल कांग्रेस के कई हाई-प्रोफाइल नेताओं पर आरोप लगे थे और सीबीआई इसके लिंक की जांच कर रही थी।

पिछले साल अक्टूबर में कुमार ने पहले समन का जवाब दिया था। उन्होंने कहा था कि वह मेल किए गए चेस्चनेर का जवाब देने या इस पर किसी भी बैठक में शामिल होने के लिए तैयार हैं। हालांकि सीबीआई चाहती थी कि वह जांच के लिए खुद उपस्थित हों क्योंकि नोटिस सीआरपीसी के सेक्शन 160 के तहत भेजा गया था।

**एक हफ्ते में दूसरा समन**

कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अफसर बताते हैं कि एक हफ्ते के भीतर ही दूसरा समन भेजा गया। इसके बाद कुमार ने चार साल पुरानी जांच पर राजनीतिक प्रभाव का आरोप लगाते हुए डायरेक्टर को पत्र लिखा। कुमार ने आगाह करते हुए कहा कि अगर सीबीआई ऐसे नोटिस देती रही तो भानुमती के पिटारे को खोल दिया जाएगा।

**आलोक वर्मा क्यों हुए नाराज?**

सात महीने के बाद एक और नोटिस उन्हें और तीन दूसरे आईपीएस अफसरों को भेजा गया। ऐसा माना जाता है कि इस प्रकरण ने वर्मा को अपसेट कर दिया क्योंकि यह सब अस्थाना के कोलकाता जाने के बाद हुआ था। वह अगस्त का महीना था जब अस्थाना ने खुद वर्मा के खिलाफ कैबिनेट सेक्रटरी से लिखित शिकायत की थी।

**सीबीआई को कोर्ट ले जाने की थी तैयारी**

कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अफसर ने बताया कि अगर एजेंसी कानूनी विकल्प की तरफ बढ़ती तो कुमार सीबीआई को कोर्ट में ले जाने की तैयारी कर चुके थे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा गठित एसआईटी के एक वरिष्ठ सदस्य के तौर पर कुमार ने चिट फंड मामले की जांच का नेतृत्व किया था।